आईजीआईएमएस और सी-डेक के मध्य एमओयू

चर्चा में क्यों?

02 मई 2023 को बिहार के पटना में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (IGIMS) संस्थान और विकास संगठन सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC) ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत एक एमओयू साइन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस संस्थान के निदेशक डॉ विनय कुमार, C-DAC पटना के निदेशक आदित्य कुमार सिन्हा और C-DAC के महानिदेशक ई मंगेश के उपस्थिति में एमओयू पर साइन कर किये गए।
- इस एमओयू के होने से अब पटना शहर के इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (IGIMS) संस्थान में मशीन और सॉफ्टवेयर का उपयोग कर, डॉक्टर मरीजों का बेहतर इलाज करेंगे। बेहतर इलाज के लिये अब यहाँ आर्टफिशियिल इंटेलिजेंस (AI) का इस्तेमाल किया जाएगा।
- अब दोनों संस्थान मिलकर कैंसर सहित कई घातक रोगों और औषधियों के विकास में आर्टफिशियिल इंटेलिजेंस (AI) का इस्तेमाल करेंगे और मरीजों का इलाज करेंगे।
- आर्टफिशियिल इंटेलिजेंस के प्रयोग से स्वास्थ्य क्षेत्र में मेडिकल डाटाबेस तैयार करने,उपकरण के रखरखाव, स्टाफ की कमी दूर करने और प्रयोगशाला सुविधाओं को बढ़ाने तथा रोगों का शीघ्र पता लगाने और इसके निदान आदि में काफी मदद मिलेगी। यह मरीज और संस्थान दोनों के लिये काफी लाभप्रद साबित होगा।
- उल्लेखनीय है कि आर्टफिशियिल इंटेलिजेंस एक ऐसा तकनीकी सिस्टम होता है जिसमें सॉफ्टवेयर के जरिये कंप्यूटर को इंसानों की तरह सोचने, समझने, काम करने और प्रतिक्रिया देने की क्षमता विकसित की जाती है। यह आर्टफिशियिल तरीके से सोचने, समझने और सीखने की क्षमता रखता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-between-igims-and-c-dac